आव का शुभ संदेश

प्रथम पुष्प

अनुक्रमणिका

क्रम	विषय–सूची	पेज नंबर
1	ऐसी सुबह ना आए (भजन)	8
2	जय शंकर भोले (भजन)	8
3	छोडने में मजा है	9
4	परमात्मा के अच्छे बच्चे बनें	10
5	भगवद् गीता श्लोक (२.३८)	10
6	अहंकार–अभिमान	12
7	अच्छी बहु	13
8	अति का भला न बोलना अति की भलि न चुप, बच्चों में संस्कार	14
9	भगवद् गीता अध्याय–३	14
10	क्रोध	15
11	काम वासना पूरी न होने पर स्वयं के काम न होने पर क्रोध आता है	16
12	गुस्सा	16
13	सेवा	17
14	गीता में कर्मयोग सिद्धांत	17
15	मेरे प्रभु को जो अच्छा लगे	18
16	गुरु पूर्णीमा	19
17	दीना बन्धु दीना नाथ मेरी डोरी तेरे हाथ	20
18	गर्व–अभिमान	20
19	सुहृद भाव	21
20	धर्मात्मा होने का असर	22
21	प्यार	23
22	देना	24
23	संत कबीर दास दोहा–१	24
24	संत कबीर दास दोहा–२	24
25	हमें बदलना पडेगा दुनिया नहीं बदलेगी	25

26	अनासक्ति	26
27	अनासक्ति–भक्ति–सेवा	27
28	शिव प्रागट्य	28
29	द्वेत भाव – अद्वैत भाव	28
30	मुझे ब्रह्म ज्ञान है	29
31	मेरे जीवन का लक्ष्य	30
32	आनंद का अनुभव	30
33	अच्छी आदतें	31
34	भजन के शब्दों में तल्लीन होना	31
35	भगवान से क्यां मांगे ?	32
36	लव इज़ हेवन, हेवन इज़ लव	32
37	गीव (देना)	33
38	भाव से	33
39	विजितात्मा	34
40	तो क्या ? (Then What ?)	35
41	सुहृद भाव	36
42	प्यार दो	36
43	प्रार्थना	37
44	सुहृद भाव	37
45	फिक्र, चिंता, टेन्शन	38
46	मितभाषी – मिष्ट भाषी – अर्थ भाषी	39
47	खुशियां आनंद हमारा हक है स्वभाव है	40
48	जल्दबाजी में निष्कर्श न निकालें	41
49	ईश्वर के उपर सम्पूर्ण विश्वास	42
50	गाडी और शरीर	43
51	परमेश्वर का साथ	43
52	धन्यवाद और माफ करो	44

53	सहज से जो होता है उसे स्वीकार करें	45
54	कुछ भी किया हुआ काम व्यर्थ नहीं जाता है	46
55	हम अक्सर भगवान को दोष देते है	46
56	किसी से कुछ ले नहीं	47
57	માં-બાપ	47
58	દીનબંધુ દીનાનાથ મેરી ડોરી તેરે હાથ	49
59	મોજમાં રહેવું મોજમાં રહેવું રે	50
60	ગીતા સંદેશ (પ્રથમ અધ્યાય)	51
61	અર્જુનનો મોહ (પ્રથમ અધ્યાય)	52
62	ભગવદ ગીતા (દ્વતીય અધ્યાય)	53
63	સહેજે જે થાય એ સ્વીકાર	53
64	કોઈને ત્યાં ખાવું પીવું નહિં	54
65	If you are hurt, Please check it is your ego	55

વેદધર્મના પાયારૂપ ઉપનિષદ, બ્રહ્મસૂત્ર અને શ્રીમદ્ ભગવદ્ ગીતા, એ પ્રસ્થાનત્રયી જેવા આર્યગ્રંથોમાં પ્રસ્તુત વૈદિકજ્ઞાનની રત્નકણિકાઓને શાબ્દિક સ્વરૂપમાં સાદી અને સરળ ભાષામાં લગભગ છેલ્લાં સાતેક વર્ષોથી ૨૦૧૬ થી દર શનિવારે સાંજે શિવમંડળી આદિપુરની ભજનસંધ્યા વખતે અવિરત પણે, નિયમિત રીતે માનનીય શ્રી હીરાલાલભાઈ નાવાણી સાહેબ તરફથી આજકા શુભસંદેશ પ્રસ્તુત થાય છે.

શનિવારની સાંજે એટલે આજકા શુભસંદેશ સાંભળવાની સૌ કોઈની આતુરતા હોય જ, અને તેમાં શ્રી નાવાણી સાહેબ તરફથી કંઈને કંઈ જ્ઞાનપ્રસાદી મળે. તેઓ આદીપુરથી અમદાવાદ રહેવા જતા રહ્યા એ પછી પણ સૌની વિનંતિથી તેમના શુભસંદેશ ઓડિયો મેસેજરૂપે શ્રવણનો લાભ અવિરત મળે છે.

શ્રી નાવાણી સાહેબ અનેક સંસ્થાઓમાં મોટી-મોટી જવાબદારીઓ સફળતાપૂર્વક નિભાવી રહ્યા છે છતાં ધર્મગ્રંથો પ્રત્યે તેમની અભિરૂચિને કારણે તેમનો જીવનમંત્ર - કર્મ એ જ ધર્મ અને ધર્મ એ જ કર્મ માં આધ્યાત્મિકતાનાં દર્શન થાય છે.

આ પુસ્તકમાં તેઓશ્રીએ દરેક શુભ સંદેશમાં માનવી માત્રના જીવનમાં કંઈકને કંઈક નવી પ્રેરણા જગાવી છે. તેમાંય શ્રીમદ્ ભાગવદ્ ગીતા, અધ્યાય-૧૬ માં ભગવાને વર્ણવેલી દૈવી સંપદાનુ જે વિવેચન પ્રસ્તુત કર્યું છે તે તો અદ્ભૂત છે. તેમાંથી થોડું-ઘણું પણ આપણા જીવનમાં અપનાવીશું તો આપણું જીવન ધન્ય બની જશે એ વાત નિશ્ચિત છે.

આવી બધી રત્નકણિકાઓનું વાંચન, મનન, ચિંતન અને નિદિધ્યાસનના પરિપકરૂપે તેનું પુસ્તકરૂપે પ્રકાશન કરી રહ્યા છે, એથી મોટો આનંદ આપણને માટે કયો હોઈ શકે ? તેમનો આ પ્રબળ પુરૂષાર્થ ખૂબ જ ધન્યવાદને પાત્ર છે. માત્ર માનનીય જ નહીં પણ સન્માનીય શ્રી હીરાલાલભાઈને અભિનંદન પાઠવું છું અને તેમની આ જ્ઞાનગંગા અવિરત વહેતી રહે તેવી શુભકામના પાઠવું છું.

તા. ૧૦-૦૨-૨૦૨૪
ડૉ. બી.એન.મહેતા,
રાજકોટ

प्रस्तावना

परमात्मा में से अलग हुआ उनका अंश इस पृथ्वी पर शरीर धारण करके मनुष्य रुपमें अवतार लेता है । मनुष्य (मानव) जन्म अवतार वह परमात्मा का प्रसाद है । इस मानव देह का सन्मार्ग, सत्यमार्ग एवं सेवा मार्ग में 'जन सेवा ही प्रभु सेवा है ।' इस सूत्र को सार्थक करते हुए उपयोग करना चाहिए । इस मनुष्य जन्म को सार्थक करने के लिए प्रभु भक्ति, भगवान में श्रद्धा, विश्वास, उपासना, व्रत, जप, तप, नियम तीर्थयात्रा एवं दान–पुण्य में जीवन का सद्उपयोग करना चाहिए । इस शुभ हेतु से कच्छ की भूमि पर संस्कारी एवं विद्यानगरी आदिपुर–गांधीधाम जैसे पवित्र शहर में जहाँ हमारे राष्ट्रपिता पू. महात्मा गांधीजी का समाधि स्थान है । इसके बाजु में श्री निर्वासितेश्वर महादेव के सानिध्य में ॐ शिवमण्डली सत्संग होल आया हुआ है । जहाँ वर्ष के ३६५ दिन दरिद्रनारायण को भोजन, स्कूल के बच्चों को नोटबुक एवं शैक्षणिक हेतु जरुरी चीज–वस्तुएँ, शहर की विधवा बहनों को हर मास अनाज वितरण, धार्मिक यात्राएँ, पवित्र श्रावण मास पर्यत श्री शिवमहापुराण कथा, श्रीमद् भागवत कथा, श्री राम चरित मानस कथा, श्री देवी महापुराण कथा एवम् श्रीमद् भागवद् गीता पर सत्संग कथा होती है । साथ में धार्मिक उत्सव भी मनायें जाते हैं । विशेष में शिवरात्री उत्सव, जन्माष्टमी उत्सव, श्री राम जन्मोत्सव एवम् नवरात्री उत्सव मनाया जाता हैं । हर शनिवार को सायंकाल में यहाँ सत्संग होता है ।

भगवान श्री कृष्ण अपने भक्त नारदजी को कहते है –

नाहं वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये न वै ।
मभ्दक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद ।।

अर्थात् – हे नारदजी, मेरे भक्त जहाँ मेरे गुणगान करते है । भजन, किर्तन, सत्संग करते है वहाँ मैं स्वयं हाजिर होता हूँ । मैं वैकुंठ में नहीं रहता हूँ । न तो जहाँ योगी तप करते है । मैं तो केवल जहाँ मेरे भक्त मेरी स्तुति, सत्संग, सेवा करते हैं वहाँ मैं मेरे भक्त के साथ कथा श्रवण करता हूँ । मेरे भक्तों का खयाल रखता हूँ । भगवान श्री कृष्ण आगे कहते हैं की 'न मे भक्त प्रणश्यति ।' मेरे भक्त का विनाश नहीं होने देता हूँ । परब्रह्म, परमेश्वर को मिलना है एवं अनुभूति करना है तो इस कलिकाल में सत्संग ही श्रेष्ठ माध्यम है जो आदिपुर में ॐ शिवमण्डली सत्संग होल में होता है । भगवान शिवजी को अतिप्रिय श्रावण मास में व्यासपीठ पर से परम पूज्य श्री डॉ. बटुकराय महेता, परम पूज्य श्री

चंद्रकांत सूर्यप्रसाद शुक्लजी, प्रा. श्री भृगुऋषि विश्वनाथ व्यासजी श्री हरि–हर की कथाओं का गुणगान कराते है। इस शुभ भावनाओं के साथ वर्ष २०१६ से हमारे ॐ शिवमण्डली के चेरमेनश्री हीरालाल हरकिशनदास नावाणीजी द्वारा हररोज तीन घण्टे की कथा–सत्संग का सारांश पाँच मिनिट में हमारे शिव भक्तों के कथा के विराम होने के बाद अपनी दिव्य वाणी से देते है। ये परम्परा श्रावण मास एवम् हर शनिवार के सत्संग में आठ वर्ष से आज भी कार्यरत है। श्री हीरालाल हरकिशनदास नावाणीजी स्वयं हररोज शिवपूजन, गीताजी का अध्ययन एवम् दरिद्रनारायण मानव समूह की सेवा में अपना जीवन व्यतीत करते हैं।

यह प्रभु परायण होने की अभिलाषा–अभीप्सा अपनी मातृश्री वैकुंठवासी स्व. श्रीमती रुकमणीबेन हरकिशनदास नावाणी से वारसागत प्राप्त हुई है। उनकी प्यारीसी माँ रुकमणी उनके साथ नित्य सत्संग करती थी। उनके सद्गुरु डॉ. योगेशभाई बुच थे। जिन्होंने आदर भाव के साथ अपने शिष्य को भक्तिमार्ग बताया। 'जन सेवा ही प्रभु सेवा है।' इस सूत्र को सार्थक करते हुए श्री हीरालाल हरकिशनदास नावाणीजी स्वयं व्यासपीठ पर बिराजते हुए लगातार चार सालसे अपने ईष्टदेव शिव का अपने हरिभक्तों के शिवकथा का गुणगान कराते है और अपने जीवन को धन्य बनाते है। सुमिरन–सत्संग को साथ सेवा के उदेश्य को चरितार्थ करने के लिए वह भक्तों का हृदयस्पर्शी शुभसंदेश देते है। इस शुभ संदेश का अब जनहितार्थ, लोक कल्याण हेतु संकलित करके पुस्तक रुप में बनाने का एक विचार उनके मन में भाव प्रगट् हुआ। इसके परिणाम रुप प्रथम पुष्प पुस्तिका रुप में भगवान श्री देवाधिदेव श्री निर्वाशितेश्वर महादेव के चरणों में श्री महाशिवरात्री महोत्सव २०२४ दिनांक : ०८/०३/२०२४, शुक्रवार के दिन अर्पण करते हुए आन्नद की अनुभूति प्रतीत हो रही है। भगवान सदा शिव उनको ज्ञान, भक्ति और कर्म करने की शक्ति प्रदान करे, ऐसी सभी शिवभक्तों की और से प्रभु को नम्र प्रार्थना, प्रणाम, वन्दन।

प्रभु परमात्मा शिवजी की सेवा में

प्रो. बी.वी. व्यास

M.Sc., M.Phil (Statistics)

Tolani Commerce College

Adipur (Kutch)



प्रेरणास्त्रोत

इस शुभसंदेश की प्रेरणा मेरे मित्र, मेरे फिलोसोफर एन्ड गाइड डो. श्री बटुकभाई महेता से मिली । महेता साहेब कथा करते थे और मुझे कथा के अंत में सार के दो शब्द बोलने को कहते थे । जिसको हम शुभसंदेश के रुप में पेश कर रहे हैं । यह शुभसंदेश २०१६ से चालु हुए फिर कथा के बाद भी हर शनिवार की भजन संध्या में भी शुभसंदेश सुनाने का आग्रह मेरे उपर हुआ । यह शुभसंदेश अभी ओडियो मेसेज के रुप में भी प्रस्तुत है । इसका पूरा श्रेय में मेरे गुरु समान डो. महेता को देता हू और यह पुस्तक मेरी पुत्री अंजली नावाणी/शेठी की स्मृति में आप सबके सामने रखता हु ।

इस शुभ प्रेरणादायक अवसर पर मैं अपनी माता स्वर्गीय श्रीमती रुकमणी एवं पिता स्वर्गीय श्री हरकिशनदास को चरण स्पर्श करते हुए आर्शीवाद ग्रहण करता हू । मेरे गुरुवर्य श्री योगेश बुचजी के चरणों में बैठकर उनसे आर्शीवाद ग्रहण करता हू । उनके दो मन्त्रो रुपी वाक्यों से ही मेरा जीवन सफल हो गया । साथ ही मैं परमपूज्य श्री चन्द्रकान्त शुक्ल, पुज्य डॉ. बटुक मेहता (प्रखर कथाकार भागवद एवं शिव पुराण), वंदनीय प्रो. भृगुऋषि व्यासजी के भी चरण स्पर्श करते हुए हृदयपूर्वक वंदन करता हू । मेरे साथी श्री पुरुषोत्तम राजाणी सेक्रेटरी और ॐ शिवमण्डली के समस्त सदस्य, मित्रो का वन्दन सह आभार प्रकट करता हू । जिन्होने मुझे हर कार्य में सहयोग दिया है । मैं अपने भाई एवं ॐ शिवमण्डली के ट्रस्टी श्री नारायण नावाणी को कैसे भूल सकता हू जिन्होने मेरे कन्धे से कन्धे मिलाकर १९७८ से ॐ शिवमण्डली के भगीरथ कार्य को हंमेशा आगे बढ़ाने में हृदयपूर्वक सहयोग दिया है । मेरी पत्नी नीता नावाणी एवं समस्त परिवार का भी धन्यवाद ।

ॐ नमः शिवाय शिव सदा सहाय ।

सबको प्रणाम वदंन – जय शंकर

प्रभु परमात्मा शिव भोले के चरणों में अर्पित,

हीरालाल नावाणी

चेयरमेन ॐ शिवमण्डली – आदिपुर

कच्छ–गुजरात

मो. ९७२६१७१५०४

1. ऐसी सुबह ना आए (भजन)

ऐसी सुबह ना आए, आए ना ऐसी शाम,
जिस दिन जुबाँ पे मेरी, आए ना शिव का नाम । ॐ नमः शिवाय ।
मन मंदिर में वास है तेरा, तेरी छवि बसाई,
प्यासी आत्मा बनके जोगन, तेरी शरण में आई ।
तेरे ही चरणो में पाया, मैंने ये विश्राम,
ऐसी सुबह ना आए, आए ना ऐसी शाम । ॐ नमः शिवाय ।
तेरी खोज में न जाने, कितने युग मेरे बीते,
अंत में काम क्रोध मद हारे, हे भोले तुम जीते ।
मुक्त किया तूने प्रभु मुझको, शत शत है प्रणाम,
ऐसी सुबह ना आए, आए ना ऐसी शाम । ॐ नमः शिवाय ।
सर्व कला सम्पन तुम्ही हो, हे मेरे परमेश्वर,
दर्शन देकर धन्य करो अब, हे त्रिनेत्र महेश्वर ।
भव सागर से तर जाउंगा, लेकर तेरा नाम,
ऐसी सुबह ना आए, आए ना ऐसी शाम । ॐ नमः शिवाय ।

* * *

2. जय शंकर भोले (भजन)

जय शिव शंकर जय शिव शंकर
जय शंकर भोले
सब देवों मे देव निराले जय बम बम भोले
महादेव तूने ही तो, सब देवों का संताप हरा,
सागर मंथन में निकाला विष, तूने अपने कंठ धरा ।
इसलिए हर प्राणी तुझको, नील कंठ बोले,
सब देवों में देव निराले, जय बम बम बोले ।
जय शिव शंकर शिव शंकर, जय शंकर भोले ।
सब देवों में देव निराले, जय बम बम बोले ।
तेरे नाम अनेको बाबा, तेरी महिमा न्यारी,

तेरे भेद अनोखे सबसे, क्या जाने संसारी ।
तूही है कैलाशपति, तू पर्वत पर डोले,
सब देवों मे देव निराले, जय बम बम बोले ।
शीश तुम्हारे गंगा मैया, चन्द्र शिखर पे सोहे,
तन पे सर्प विचरते रहते, भक्तो का मन मोहे ।
उनको कैसा कष्ट जगत में, नाम तेरा जो लेवें,
सब देवों में देव निराले, जय बम बम बोले । जय शिव शंकर...

* * *

3. छोडने में मजा है

हमारा हाथ इलेक्ट्रीक करन्ट वाली वायर से जुडा है करन्ट लग रही है – हाथ छुटता नहीं, हाथ छुडाने की कोशीश भी करते है परन्तु वायर हाथ से चिपक गया है छुटता नहीं है । जब हम चिल्लाते हैं तो कोई मदद के लिए आता है लकड़ी मारता है या हाथ पर या वायर पर तब हम छुट जाते हैं तब बड़ा सुकून मिलता है, आराम मिलता है ।

यह दुनिया है, उसकी माया है – करन्ट रुपी माया है हमारा हाथ उसमें चिपक जाता है । तब हम छुटने के लिये सच्चे दिल से किसी को पुकारते है कोई सदगुरु आता है हमें माया से छुडाता है लकड़ी रुपी उपदेश के माध्यम से हमें मोह से अलग करवाता है । तब हम इस मोह माया से छुटते है हमें बड़ा सुकुन मिलता है और दिल–दिमाग को आराम मिलता है ।

छोड़ने में मजा है । छोड नावाणीभाई छोड क्यों पकड कर बैठा है पकड़ने में मजा नहीं है । छोडने में मजा है । शादी की पार्टी में जाते हैं तरह–तरह के पकवान तरह–तरह के स्नेकस, मिठाइयां, जी ललचाता है सब खाऊं । ये भी टेस्ट करुं वो भी टेस्ट करुं हलवा, रबडी, जलेबी, आईस्क्रीम भी मौजूद है । सब लेते हैं ठंडा वेलकम ज्यूस भी, गरम सूप भी, सब चाहिए परन्तु पेट की हालत क्या होगी वो दूसरे दिन ही मालुम होगा ।

खाने में मजा है परन्तु छोडने में ज्यादा मजा है । छोडते जाओ छोडते जाओ अन्त में छोडने में ही मजा है । धर का मुखिया बनना है सब जवाबदारी मेरी है किसी को जवाबदारी सोंपी नहीं है । बहु को, बेटे को, छोटे भाई को सब कुछ खुद करने की इच्छा । दूसरे को दूगां तो गडबडी कर देगा गलत कर देगा । उसी तरह ओफिस में, विश्वास रखो

दूसरे को काम सोंपो । छोडने में मजा है सब पकडने में मजा नहीं है । पकडो, एक ही को पकडो, एक प्रभु को एक मेरे मालिक को, एक शंभु भोले को उसको, एक को ही पकडो । सब का मालिक एक ही है । उस पर भरोसा रखो उस पर विश्वास रखो । बाकी सब छोडने में मजा है ।

* * *

4. परमात्मा के अच्छे बच्चे बनें

जैसे कलास में टीचर अच्छे बच्चे को प्यार करती है और मोनीटर बनाती है । एक सुहागन स्त्री अपने पति के लिये श्रृगांर करती है और अच्छा बनके अपने पति को प्रिय लगने का प्रयत्न करती है । हम भी एसे श्रृंगार करें कि अपने परमात्मा को पसन्द आ जायें । स्वच्छ रहें, र्निलोभी रहें, पर सेवा करे, प्राणी मात्र को प्यार करें, उसकी सेवा करें ऐसे गुण खुद में एक-एक करके बढाते जाये, वो हमारे गहने हैं । ऐसे इन्सान प्रभु को प्यारे लगते हैं । प्रभु के अच्छे बच्चे बने और उसे पसन्द आ जायें ।

* * *

5. भगवद गीता श्लोक (2.38)

सुखदु:खे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ ।
ततो युद्धाय युज्यस्व नैवं पापमवाप्स्यसि ।।२.३८।। (भगवद् गीता)

सुख दु:ख को समान तुल्य समझकर अर्थात उनमें रागद्वेष न करके तथा लाभहानिको और जयपराजय को समान समझकर उसके बाद तू युद्ध के लिये चेष्टा कर इस तरह युद्ध करता हुआ तू पाप को प्राप्त नहीं होगा । तात्पर्य : कहने का मतलब है कि स्वयं का कर्तव्य करने के लिए स्वार्थ को एक तरफ छोडकर लाभहानि की चिन्ता किए बिना जो कार्य किया जाता है उसमें कोई बन्धन नहीं होता । उसमें कोई पाप नहीं लगता । सिर्फ कर्तव्य पूरा करने के लिये किया गया है तो ऐसा समझा जाता है कि सच्चे मन से प्रयत्न किया गया है । सच्चे मन से किया गया कर्तव्य प्रभु के दरबार में स्वीकार होता है ।

जब हम अपने स्वार्थ को अपने अहम को या मोह को एक तरफ छोडकर कोई भी कार्य करते है तो वो कार्य नि:सन्देह अच्छा कार्य ही होता है, परिणाम चाहे जो भी हो उसमें पाप नहीं लगता । एक विद्यार्थी साल भर मेहनत करके परिक्षा में प्रवेश करता है तो

परिणाम चाहे जो भी हो सफल या असफल अच्छे नम्बर या कम नम्बर किन्तु जो जानते है कि इस बेचारे ने महामहेनत करके परिक्षा दी है तो पेपर कठिन होने के कारण मार्कस कम आये हैं । वो एक बात अलग है अगर अच्छे मार्कस आते है तो भी ऐसा कहा जायेगा कि विद्यार्थी की कडी महेनत का फल है ।

दोनों स्थितियों में उसे दोष नहीं लगता । अर्जुन की भी वही परिस्थिति है । अध्याय–२ श्लोक–१ से ३८ तक भगवान अर्जुन को अलग अलग तर्क देकर युद्ध करने की प्रेरणा देते है । कहने का तात्पर्य यह है कि अर्जुन का युद्ध न करने का कारण था –

– सगे, सम्बन्धि, पूज्य लोग जैसे भीष्म पितामह और द्रोणाचार्यजी को कैसे मार सकता है ?
– युद्ध से कुल का नाश होगा, कुछ बचेगा ही नहीं तो फिर किस के लिये युद्ध करें ?
– अपने कुल का नाश करने से बेहतर है कि भिक्षा मांगकर जीवन निर्वाह करना । एक प्रकार से देखा जाय तो अर्जुन के तर्क में दम है किन्तु वस्तु को परिस्थिति वश देखा जाय तो भगवान उसे समझाते है कि –
– तूं कुन्ती पुत्र है तेरी मां को मालुम है कि मैं यह कुल का नाम बचाने के लिये सन्धि का प्रस्ताव लेकर दुर्योधन के पास गया था और पांच पांडव के लिए सिर्फ पांच गांव मांगे थे ताकी युद्ध को टाला जा सके परन्तु दुर्योधन ने पांच गांव तो दूर, सुई की नोंक भर जमींन भी नहीं दुंगा, ऐसा कहकर सन्धि का प्रस्ताव ठुकरा दिया और हमें युद्ध के कगार पर खडा कर दिया ।
– भीष्म, द्रोण और अन्य पूजनीयों को मारना पाप है परन्तु वे लोग शरीर है ही नहीं आत्मा है । आत्मा अमर है । शरीर तो वैसे भी खत्म होने वाला है । युद्ध करने से कुल का नाश होने पर पाप लगेगा तो भगवान कहते है कि युद्ध न करने से भगोडे कहलाओगे और ज्यादा पाप लगेगा अपना कर्तव्य कर्म करनें में पाप नहीं लगता ।
– इसलिये समभाव होकर, लाभ हानि, जय पराजय को एक तरफ रखकर, अभी युद्ध भूमि में क्षत्रीय को जो अच्छा लगे, अपना कर्तव्य कर्म कर, उसमें ही तुम्हारा कल्याण होगा । इस तरह भगवान कृष्ण स्पष्ट है और परिस्थिति वश सन्देह का समाधान दिया है कि स्वार्थ, लोभ, लाभ, हानि को छोडकर कर्तव्य कर्म करो उसका पाप नहीं लगेगा अपितु वह धर्म ही होगा ।

* * *

6. अहंकार–अभिमान

हर एक इन्सान में अहंकार होता है वो ये बताने की कोशीश करता है काम मैंने किया। मैंने इतना बडा काम किया। मैंने पथ्थर तोडा, मैं आकाश में उड गया, मैं पहाड पर चढ गया हर बात में मैं। वास्तव में मैं मैं मैं कोन करता है बकरा। दक्ष प्रजापति ने इतना बडा काम किया बहुत बडा यज्ञ किया ब्रह्मा, विष्णु सभी देवी–देवताओं को बुलाया किन्तु मैं मैं उसमें बहुत थी। भगवान शिव उसके जमाई थे। उमा उसकी बेटी थी। मैं इतना बडा यज्ञ कर सकता हुं। मैं महान हुं इसलिए मैं शिव शंकर की क्यों सुनु। मेरा दामाद होते हुए भी मुझे मान सन्मान नहीं देता।

इसी मैं मैं के कारण दक्ष के यज्ञ का विधवंश हुआ और उसकी खुद की बेटी उमा, जो यज्ञ में जल कर सती हो गई। बदले में दक्ष का शिर कट गया और शिव भगवान ने उसे बकरे का शिर लगाकर वापस जिन्दा कर दिया। बकरा मैं मैं का प्रतीक है ये दक्ष प्रजापति को महसूस कराता था कि जो मैं मैं करता है वह बकरे से कम नहीं है। हम चाहे कितना भी बडा यज्ञ करें, कितना भी बडा प्रसंग करे या सुन्दर कांड का पाठ रखें या कितना भी सुन्दर आयोजन करें। बडे से बडे आयोजन में कुछ न कुछ त्रुटि रह जाती है। इसी लिए आदमी प्रसंग सम्पन्न होने पर सबसे माफी मांगता है और कार्य में आयोजन में किसी को भी कोई तकलीफ हुई हो तो माफी मांगता हूं। मेरी जरुर भूल हुई होगी, भाई समझकर, बेटा समझकर माफ कर देना। वो लोग उसकी बात करते है कहते है कि देखो कितना नम्र आदमी है और बोलते है कि परवा/फीक्र मत करो, छोटी–छोटी बाते है सबसे होती है। उसके आयोजन की प्रशंसा करते है।

दूसरे आदमी कार्य सम्पन्न होने पर मैंने इतना सुन्दर बन्दोबस्त किया। इतना बडा प्रसाद का आयोजन किया। मैं मैं मैं करता रहता है तो लोग भी उसके बन्दोबस्त में से उसके आयोजन में से बहुत सारी गलतियां निकालते है और उससे नाराज रहते है। मैं मैं बोलने वालों की जीत नहीं होती जीत होती है नम्र आदमी की। हम यज्ञ में आहुती देते हैं :

ओम भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो
देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।
इदम् गायत्री, इदं न मम।

ये जो आहुती है वो गायत्री के लिये है उसमें मेरा कुछ नहीं। आजकल न सिर्फ मैं मैं है परन्तु इगो बहुत है। पति–पत्नि के बीच मैं मैं है, इगो है। अकेले रहते है केरेयर के

लिए, नोकरी के लिए, मा–बाप का भी साथ नहीं है फीर भी इगो है । आदिपुर–अहमदाबाद मैं बैठे बैठे रीमोट कन्ट्रोल से, मा–बाप भी फोन से अपने बच्चों को चढाते हैं और मैं मैं मैं बच्चों की जिन्दगी खराब होती है । इसलिए हम जो कुछ करते है वो हमारे लिये नहीं है परन्तु भगवान के लिये है । ऐसा मानने वालों की जीत होती है ।

7. अच्छी बहु

हर किसी को अच्छी बहु चाहिये । सामने वाला अच्छा चाहिए तो हमें भी अच्छा होना पडेगा ।

– हमें अपना बर्थडे याद होता है अपनी मेरेज अेनिवर्सरी याद रहती है हम चाहते हैं कि लोग याद करके हमें विश करे लेकिन हमें दूसरों के जन्मदिन और शादी की शालगीरा याद करनी पडेगी, याद रखनी पडेगी । उसी तरह अपनी बहु का मंगनी दिन, शादी का दिन, जन्मदिन याद करके उसे मुबारक बाद दे और प्यार भी करें ।
– अपनी बहु को एक–एक कर त्यौहारो पर, कपड़े गहने आदि ले के दे । बाहर घुमकर आए तो उसके लिये कुछ लेके आए । अपने बेटे को कुछ दे तो अपनी बहु को भी कुछ लेकर दे । बाहर घुमाके आए, पीकचर देखकर आए इस प्रकार से बहु का मन खुश और हमारा मान बढेगा । घर में औरतो को इज्जत दे । मा, बहन सभी को इज्जत दें ।
– अभी हम बुजुर्ग हो गये है सिर्फ पुरुष ही नहीं थकता, स्त्री भी घर का काम करके थक जाती है । हमें अपनी पत्नी की सेहत का ध्यान रखना चाहिए । बात बात में टोकना नहीं चाहिये ।
– यह जरुरी नहीं की सिर्फ पत्नी ही पति को चाय बनाके दे पर पति भी पत्नी के लिये चाय बना कर दे तो दोनो को सम्मान व इज्जत मिलेगी । दोनों को खुशी मिलेगी । मैं तो कहता हुं की बहु को भी कभी चाय बनाकर दो तो कितनी खुशी होगी ।
– आप वोटसअेप पे पढे कि बुढे मा–बाप की सेवा के लिये अच्छे बेटे की जरुरत है ही बल्कि अच्छी बहु की भी जरुरत है । अच्छी बहु मिलेगी । अच्छी बहु ऐसे ही पैंदा नहीं होती, किन्तु प्यार का वातावरण उसके पति, सास, ससुर बहु को प्यार देंगे बहु की इज्जत करेंगे तो निश्चित ही बहु अच्छी न भी होगी तो अच्छी हो जायेगी । बहु से प्यार करें यह ही आज का संदेश है ।

8. अति का भला न बोलना
अति की भलि न चुप, बच्चों में संस्कार

किसी भी चीज की अति हमेशा नुकशान करती है। पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम से किसी ने पूछा की What is poission ? जहर क्या हैं ? उन्होंने जवाब दिया की हर चीज का अति पोइजन है, जहर है। गुलाब जाबुन खाने में अच्छे लगते है किन्तु अपनी केपेसिटी से ज्यादा खाने पर बदहजमी होगी। बीमारी होगी इस तरह किसी भी चीज का एकसेस/अति अच्छा नहीं। ऐसा होगा हमें समोसा अच्छे लगते है। २–४–६ खाने के बाद पेट भर जायेगा। खाने में बहोत टेस्ट आये, मजा आये एक अच्छा और भी खा लिया परन्तु अब एक भी समोसा पेट मे चलेगा नहीं। जब दोस्त या भाई खिलायेगा तो समोसा हमें जहर जैसा लगेगा। कुछ लोग देखिये सारा दिन बोलते रहते है परन्तु हम उसे कुछ बोल नहीं सकते हैं। मन मैं आता है कि ये कब बंद करेगा।

अगर हम उसके दोस्त है तो बोल भी देगें की अब चुप भी करेगा, कब से गटर–गटर किये जा रहा है। दूसरे एक व्यक्ति है सारा समय चुप बैठा है मित्रो की गोष्ठी है हंसी मजाक चलती रहती है परन्तु वह है कि चुप चुप बैठा है तो उसे बोलना पडता है की भई कुछ तो बोल। सारा समय जब से आया है तब से चुप बैठा है अच्छा नहीं लगता हमसे नाराज है क्या ? एसे अति का भला न बोलना अति की भली न चुप। गृहस्थ है तो घर के सब काम समय से करने पडते है। एक गृहिणी अपने बच्चों का ध्यान रखती है। पति का, सास–ससुर का फिर भी समय निकालकर पूजा पाठ कर लेती है, व्रत कर लेती है, अच्छी लगती है किन्तु वही स्त्री अगर सारा दिन पूजा पाठ करती रहे तो हालाकि भगवान का नाम लेना अच्छा है। सेवा करना अच्छा है किन्तु अति होने पर सब उससे नाराज होंगे।

* * *

9. भगवद गीता अध्याय–3

प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः।
अहंकारविमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते ।।३.२७।।

वास्तव में सम्पूर्ण कर्म सब प्रकार से प्रकृति के गुणों द्वारा किए जाते हैं, तो भी जिसका अन्त:करण अहंकार से मोहित हो रहा है, ऐसा अज्ञानी मैं कर्ता हूं ऐसा मानता है।

अब सौंप दिया है इस जीवन को भगवान तुम्हारे हाथों में ।
हम जब तकलीफ में होते हैं तो भगवान याद आते हैं ।।
दु:ख में सब स्मरण करें सुख में करें न कोई ।
जो सुख में स्मरण करें तो दु:ख काहे को होय ।।

हम हमारा सर्वस्व प्रभु को सौंप दे तो कैसा लगेगा । दु:ख भी तुम्हारा सुख भी तुम्हारा । यश भी तुम्हारा अपयश भी तुम्हारा । मान–अपमान सब समान । ओटोरिक्षा, ट्रेन, प्लेन में हम अपने आपको ड्राइवर के हवाले सोंप देते है । डरते नहीं की गिराएगा, मारेगा कभी नहीं पूछते । नया ड्राइवर होता है तो पूछते है भैया अच्छी तरह चलाएगा गिरवाएगा तो नहीं ? भगवान से बढकर कोई अच्छा ड्राईवर होगा क्या ?

केवट ने भी प्रभु को कहा था, इस बार मैने आपको नाव से पार लगाया है, संसार सागर से आप हमें पार लगाना । जीवन में देखें तो मालुम होगा कि हम अपने उपर रखते है कभी काम बनता है कभी बिगडता है किन्तु प्रभु को सोंप देने से सब बिगडे हुए काम भी बन जाते है । अमुल्य सांस दिये है प्रभु ने एक–एक सांस की किंमत है । हर सांस में प्रभु का स्मरण करें ।

* * *

10. क्रोध

झुठ बोला तो भी क्रोध । क्या मैं ही झुठ बोलता हुं तुम नहीं बोलते और कितने लोग बोलते हैं ? ऐसा करके क्रोध करतें हैं हम । झुठ नहीं बोला तो भी क्रोध मैने झुठ बोला ही नहीं, तुम मुझे ही बदनाम करने पर तुले हो । मैं खोटा आरोप नहीं सहता । तो गुस्सा नहीं करता तो क्या करता ? झुठ नहीं बोला तो मैंने झुठ नहीं बोला लोगो को जो समझना है समझे मैं क्यों गुस्सा करुं ।

गुस्सा क्यों आता है ? इगो हर्ट । मेरी इज्जत, मेरी मर्यादा उपर धक्का लगता है मेरे स्टेटस पर असर होता है । मैं बडा नेता हूं कोई मुझे प्रथम पंक्ति पर, मंच पर नहीं बैठाये तो मेरा मान सन्मान नहीं करे तो मैं उठके चला जाउंगा । बहुत थोडे लोग होते जो Down to earth (नम्र स्वभाव) होते है । बहुत बडे पैसे वाले फेकट्री के मालिक भी जरा सा भी धमन्ड अभिमान नहीं करते ऐसे लोगो को गुस्सा कम आता है । बडे–बडे ज्ञानी पंडित कथाकार शहरमें बडा नाम फिर भी बिना धमंड, बिना आडंबर सब से प्रेम का वर्ताव करते है ऐसे लोगो को क्रोध कम आता है ।

11. काम वासना पूरी न होने पर स्वयं के काम न होने पर क्रोध आता है

घर पर पति महोदय आये ८:३० बजे खाना तैयार चाहिये दोस्तो के साथ ९.३० वाले शो में जाना है। अच्छा अभी तो कुकर की सीटीयां बज रही है। एकदम गुस्सा, क्रोध पत्नि को जैसा–तैसा बोलना शुरु। दोनों का क्रोध, दोनों का जगडा शुरु। पिकचर भुल कर घर में मारा मारी। इसके विरुद्ध ऐसे भी लोग है एकदम पूछते, कह देंगे क्यों भला मैने बोला तो था मुझे जाना है। तबीयत तो ठीक है ना। ठीक है अभी मुझे दिन का बचा हुआ ही दे दे। नो प्रोबलम। कोई परवाह नहीं। दिन का बचा हुआ भी नहीं है तो दोस्तो को जाने को कहता हुं, मैं १० मिनिट लेट पहचुंगा क्या फरक पडता है। थोडी पिकचर निकल जायेगी। इससे पत्नी भी चेन से रहेगी और सोरी बोलके खुशी खुशी जल्दी जल्दी खाना परोसेगी। पति को दोस्तो के सामने नीचा न दिखना पडे।

कभी कभी क्रोध की पराकाष्टा हो जाती है लोग जरा सी गाडी टकराने पर एक दूसरे पर इतना गुस्सा करते है की बहुत बार आपने न्यूज पेपर में पढा होगा जरा सी बात पर खून हो गया, मर्डर हो गया। स्वयं पर काबु रखने, स्वयं को कन्ट्रोल करने में ही मजा है।

* * *

12. गुस्सा

एक सत्य घटना है। ब्रिटनमें, जर्मनी में एक साईन्टीस था वो कितने समय से खोज करके पेपर्स तैयार करता था। रात दिन अपनी रिसर्च में लगा रहता था उसे विश्वास था कि सफलता मिलेगी। उसका नाम होगा और पैसा भी खूब म्लिगा। परन्तु अभी तंगी थी घर में जरुरी चीजों का अभाव था पत्नि तंग आ चूकी थी। हालाकि उसे मालुम था कि एक दिन पति को सफलता मिलेगी परन्तु फिर भी अभाव की वजह से वह पति को खरा खोटा सुनाती। एक दिन तो हद कर दी उसने कहा आज में तेरे रिसर्च से तंग आ चूकी हूं। दोनों में तू तू मै मै हो गई। पत्नी ने सारे रिसर्च पेपर आग में डाल दिये।

अब सोचो उस साइन्टीस की क्या हालत होगी। उसकी महेनत यूं आग में डाल दी गई। उसको भी गुस्सा आया बहुत बडा पथ्थर आंगन में पड़ा था और सीधा पत्नि के उपर, पत्नि का खून। किन्तु नहीं दो मिनिट में उसे विचार आया कि मेरे पेपर्स तो आग में

जल गये । अब उसका खून करने से मुझे क्या मिलेगा पथ्थर फेंक दिया । दो मिनिट के संयम से दो मिनिट मगज को शान्ति देने से बहुत बडा अनर्थ रोका जा सकता है । लोग तो गोली चला देते है फिर जीवन भर भुगतते है । क्रोध को शान्त करने के लिये सिर्फ २ मिनिट की जरुरत होती है । २ मिनिट ब्रेक ।

एक स्त्री थी उसका पति शराब पीकर घर पर आता । वह उसे बहुत भला बुरा कहती । दरवाजा नहीं खोलती, खाना नहीं देती विगेरे । फिर पति भी पत्नि को मारता ये सिलसीला बहुत लम्बे समय से चल रहा था । एक सन्त आया वह स्त्री उस सन्त के पास गई सन्त से पति को शान्त करने का नुस्खा (तरीका) पूछा । सन्त ने एक पानी की बोतल दी । बोतल का क्या करु ? बोले पति कुछ बोले तो बोतल मुह में डाल के रखो । कुछ बोलो नहीं । पत्नि के बोलने से पति को गुस्सा आता और वो मार पीट पर उतर आता । किन्तु पत्नि अगर कुछ जवाब नहीं दे और शान्त रहे तो पति का गुस्सा बढेगा ही नहीं ।

* * *

13. सेवा

''सत्संग स्मरण सेवा'' ये हमारी ओमशिव मन्डली का स्लोगन है, नारा है । सत्संग में आते है, स्मरण भी करते है और सेवा भी करनी चाहिये । एक घडी, आधी घडी आघी पे पनी आध, सेवा संगत साधु की, हरे कोटि अपराध । थोडी सी की हुई सेवा भी हमारे करोडो अपराधो, गुनाहो को गलतियों का नाश कर देती है । पूजय मोरारी बापुने भी कहा कि जीवन में एक व्रत लो । कोई भी सेवा । पानी पिलाने की, जूतो की सेवा, खाना परोसने की सेवा, झाडू की सेवा, सफाई की सेवा । कोई भी एक सेवा जीवन में जरुर करो और कितने लोग अन्न वितरण की सेवा करते हैं कितने टिफिन की सेवा करते है, कितने स्कूल फीस की और कितने युनिफोर्म की । एक सेवा का व्रत जीवन में जरुर लें ।

* * *

14. गीता में कर्मयोग सिद्धांत

श्री कृष्ण भगवान ने कहा है तृतीय अध्याय में कर्मयोग क्या है ? जीवन जीने का ढंग, सेवा द्वारा । कर्तव्य कर्म सेवा का, भगवान कहते है कि बिना सेवा के यह सृष्टि चल ही नहीं सकती । यह सेवा का योग भगवान ने सूर्य से कहा । सूर्य ने मनु से, मनु ने इश्वाकु से

और इस तरह यह सेवा का योग कर्तव्य कर्म योग राजऋषियों ने जाना। सूर्य को भगवान ने कर्म योग का पाठ पढाया। सूर्य हम सबकी सेवा करता है। नित्य ठीक समय पर उठता है। रोशनी देता है प्रकाश देता है गर्मी देता है। पूरी सृष्टि का संचालन करता है। यह वनस्पति ये पेड पौधे, पूरी दुनिया सूर्य के सेवा के कारण चल रही है।

यहा तक की सूर्य पानी सुखाता है, वो भी बादल बनके उनका भाप बनाके पानी बरसा देता है सूर्य सेवा करता है। हम भी अपने जीवन में एक सेवा का व्रत लें लें। पानी पिलाना, शरबत पिलाना, कथा में सेवा करे, सतगुरु की सेवा करे, इस मदिर प्रांगण की सफाई में योगदान दे। खुद के हाथों से की हुई सेवा का अनेक गुना फल मिलता है। सेवा सत्संग में बडे–बडे लोग अपने हाथों से सेवा करते है। गुरुद्वारा में जुता रखने, प्रसाद बांटने, खाना बनाना अनेक सेवा लोग करते हैं। सफाई की सेवा या जो भी सेवा हाथ में आये, हम कर सकते है।

* * *

15. मेरे प्रभु को जो अच्छा लगे

'राम राखे तेम रहीअे' जैसे प्रभु रखें प्रभु की इच्छा। मेरे प्रभु को मेरे मालिक को क्या अच्छा लगता है ? मैं वो ही करुंगा जो मेरे इष्ट देव को, मेरे कृष्ण को, मेरे शिव को, महादेव को, मेरे राम को अच्छा लगेगा। हर काम के पहले दो मिनिट विचार करें। क्या ये मेरे प्रभु को अच्छा लगेगा। उसे क्या पसंद है ? मैं वो ही करुं। सुबह जल्दी उठना भगवान को पसन्द है और क्या पसन्द है ? घर के काम सब समयसर करें।

सुबह को उठकर मालिक के सामने बैठे हे मेरे मालिक हे, मेरे प्रभु, आपने मेरी अच्छी रात बिताई उसके लिये धन्यवाद अब दिन भी मेरा अच्छा गुजारना। दो मिनिट आंखे बंद करके भगवान से पूछे आज मैं क्या करुं ? आपको जो अच्छा लगता हो वही काम करुं। स्वयं ही उत्तर मिलेगा, ये ये करो। बस उसकी पसन्द के काम करते जाओ। जिन्दगी संवर जायेगी जिन्दगी में फुल खिल जायेंगे। सारे दिन में करने को बहुत सारे काम है परन्तु आज मैं वो ही करुंगा जो प्रभु तुझे पसन्द है।

तेरी पसन्द का नास्ता करुंगा। तेरी पसन्द का खाना खाउंगा। तेरी पसन्द के लोगो से दोस्ती रखुंगा। तेरी पसन्द के गाने गाऊंगा। तेरी पसन्द की पिक्चर देखुंगा तुझे पिकचर पसन्द नहीं, मैं नहीं देखूंगा। हर बात में प्रभु को सामने पाओ। उसकी पसंद पूछो

। बस तुझे गुस्सा पसन्द नहीं है गुस्सा नहीं करुंगा । तुम्हे झुठ पसन्द नहीं है, मैं झुठ नहीं बोलुंगा । तुझे मीठे शब्द पसन्द हैं, मैं सबसे मीठी भाषा में बोलूंगा । मृदु भाषा में व्यवहार करुंगा । हे मेरे मालिक बताओ, तुमे क्या पसन्द है ? ऐसा करते करते रात हो जाएगी ।

रात को सोने से पहले प्रभु के पास जाके बेठो । आज का दिन बडा अच्छा गया, प्रभु धन्यवाद । हे मेरे मालिक मैंने सब कुछ आपकी पसन्द के काम किये । दिन अच्छा गुजर गया । अब रात भी अच्छी करना । अच्छी नींद में सुलाना, अमृत वेले में उठाना । अपना नाम याद कराना । इस तरह की जिन्दगी स्वर्गमय, सुखमें, जिन्दगी गुजर जायेगी । एक एक पल एकएक दिन बेहतरीन गुजर जायेगा ।

* * *

16. गुरु पूर्णीमा

गुरु पूर्णीमा अषाढ महिने के अन्त में पूर्णीमा को आती है । यह पूर्णीमा गुरु को समर्पित की जाती है । इस दिन गुरु वेद व्यासजी का जन्मदिन है । पहिले पहिले नैमिशारण्य में सनकादिकजी ने गुरु वेद व्यास को कहा कि मैने इतनी पूजा अर्चना साधना की है, फिर भी मुझे भगवान के दर्शन नहीं हुए । तो गुरु वेद व्यासजी ने उनको भगवान का दर्शन करवाया और सनकादिकजी ने उन्हे गुरु के रुप में पूजा । वो पूर्णीमा अषाढ का दिन था ।

तब से ये माना गया कि गुरु चन्द्रमा की तरह है, शिष्य अषाढ के काले बादल की तरह है । गुरु सूर्य का तेज भगवान से लेकर उसे ठण्डा करके चन्द्रमां के रुप में काले बादलरुपी अज्ञानी शिष्यों को, ज्ञानरुपी शितल प्रकाश देता है । यह अषाढ़ मास में ही काले बादल होते है और चन्द्रमा रुपी गुरु पूर्णीमा के दिन हमें सूर्यरुपी भगवान का प्रकाश देते है । गुरु की महिमा अपरंमपार है ।

गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वर ।
गुरु साक्षात् परम्ब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः ।
पूजा मूलम् गुरुरु पदम् ।
मन्त्र मूलम् गुरुरु वाक्य ।
मोक्ष मूलम् गुरुरु कृपा ।

गुरु के ज्ञान के केवल दो शब्द काफी है उनपे चले । मैंने अपने गुरु के दो वाक्यों पर अपना जीवन चलाया और धन्य हो गया जैसे दादा जशन वासवाणी, साधु वासवाणी

(बडे दादा) कहते है वैसे ही मेरे गुरु भी कहते थे गिव एन्ड टेक । पहिले देना सीखो । लव एन्ड गीव । प्यार करो और दो । देना देना । बस एक शब्द से आपका हो गया बेडा पार । दादा जशन वास्वाणी कहते है फोरगीव अेन्ड फोरगेट, भुल जाओ और माफ करो । इस एक शब्द को ले लो जीवन का बेडा पार हो जायेगा ।

* * *

17. दीना बन्धु दीना नाथ, मेरी डोरी तेरे हाथ

प्रभु पे भरोसा रखें वो जो करता है सही करता है, उसकी मर्जी के बीच में न आए, दखल न दें, नाराज न होवें । सहेज जो हो रहा है उसे स्वीकार करें । हम अपने मनसुबे बनाते है परन्तु प्रभु की क्या मर्जी । खबर नहीं है, हमैं पता नहीं । इसीलिये परिस्थिति जो हो, बोलो दीना बन्धु दीना नाथ मेरी डोरी तेरे हाथ । प्रभु मालिक जो कुछ भी करतें है अच्छा करते हैं हमारे भले के लिये करतें है सिर्फ विश्वास रखें । मालिक पर भरोसा रखें ।

मेरा थराद से बदली का किस्सा सच्चा किस्सा बिना कुसुर के चीफ इन्जीनीयरने बदली कर दी बहुत गुस्सा और दुःख भी आया । एस.ई को बोला, पर वह कुछ न बोले । एक एन्जीनीयर ज्योतिष विद्या के ज्ञाता थे । बोला आपकी तबादला (ट्रान्सफर) लीखा हुआ है । कच्छ में तबादला होगा । बदली हुई कच्छ के बदले भाभर में गुस्सा आ रहा था गुरुजी को आके बताया । बोले साहेब, जो हो रहा है वो स्वीकार करों । चार महीने मे भाभर से कच्छ में बदली हुई । यह १९८८ की बात है तब मैं ४० साल का था गुरुजीने कहा प्रभु जो कुछ करते है अच्छे के लिये करते है । दीना बन्धु दीना नाथ मेरी डोरी तेरे हाथ । स्वीकार करें हम तुरन्त दुःखी हो जाते है जरुरत है सतसंग की, गुरुजी की, अच्छे साथीयों की, महेता साहब जैसे गाइड की । दीना बन्धु दीना नाथ मेरी डोरी तेरे हाथ । कोलेज पढते थे, आरती के बाद गाते थे । दीना बन्धु दीना नाथ मेरी डोरी तेरे हाथ परन्तु सही मतलम आज जाकर मालुम हुआ है ।

* * *

18. गर्व–अभिमान

हम गर्व किस चीज पर करते हैं ? सब कुछ नाशवंत है । जवानी पर तो, बुढ़ापा आ जायेगा । जवानी टिकने वाली नहीं । सुन्दर है, तुमसे ज्यादा सुन्दर है । शक्तिमान है तो

गर्व किस बात का ? धन का गर्व कितना भी धन है । सुख धन से नहीं मिलता । धन यहीं पर रह जायेगा । धनवान के घर में दु:ख है । स्त्री कहने पर नहीं, बच्चे पूछते नहीं । पैसा कमाते कमाते धन संचय किया अब सेहत बरोबर नहीं । धन भी तभी काम आता है जब स्त्री अनुकुल हो संतान अनुकुल हो । सेहत अनुकुल हो । जींदगी जीने के लिये समय है । जिन्दगी जी नहीं सकते, गर्व किस काम का ?

संतान अनुकुल नहीं है, हम गाल पर चांटा मारकर लाल करते हैं । धन–तुम कितने भी धनवान हो दादा ने कहा कि इस नक्शे पर, इस मेप पर बताओ तुम कहां हो तुम एक बिन्दु भी नहीं हो । एकअभिनेता हो या राजनेता हो, मान समय पर मिलता है समय बदल जाता है । हमने लालु को जेल में देखा है इन्दिरा गांधीजी को भी जेल में देखा है ।

एकटर को फिल्म फेर एवोर्ड मिला तो क्या हुआ ओसकार तो नहीं मिला । गर्व किस चीज का है ? राज नेता बडे बडे बैठे है पद्मश्री मिला तो भारतरत्न और नोबल प्राइझ वाले भी बैठे है । सार यह है की सब क्षण भंगुर है घमंड किस बात का ? एक ही उपाय है प्रभु का स्मरण । उस स्मरण से ही बेडा पार है । बाकी सब नाशवंत है ।

* * *

19. सुहृद भाव

एक आदमी को देखकर अच्छा लगता है और एक को देखते ऐसा लगता है कि ये कहां से आ गया । यह देखने के बाद हमने शरीर में हमारे अंदर से ऐसी एनर्जी पैदा होती है कि हमारा व्यवहार भी उसके साथ वैसा हो जाता है । एक से बोलते हैं । आओ, बैठो, चाय पीओ, खाना खाओ, फिर जाओ और दूसरे से बोलते हैं, क्या काम है कैसे आए है बस इतना ही । इस प्रकार से सामनेवाले के अन्दर भी वैसी ही वाइब्रेशन जाती है वैसी ही एनर्जी पैदा होती है और उसका व्यवहार भी वैसा ही हमारे साथ होता है । यह सब नेचरल है और दुनिया में हर किसी के साथ होता है ।

अूपम मिशनजी के गुरुजी, पूज्य जसुभाई पटेल क्या बोलते है कि हरेक के साथ सुहृय भाव रखें । यह बडा कठिन है किन्तु सबके साथ सुहृद भाव रखने से दुनिया में प्रेम भाव बढ़ता है और वातावरण में बहुत फरक पडता है ।

हमारी गलती या मुश्केली क्या है, यह है कि, हमें सामनेवालो के गुण नहीं देखते है और अवगुण दिखते है । हम ऐसा सोचते है कि जैसे मेरे में बहुत सारे गुण है और थोडे

अवगुण तो होंगे ही ऐसे ही सामनेवाले के आदमी में भी अवगुण है तो गुण भी होंगे । हमें दो मिनिट के लिए उसके अवगुण भुल जाना है और गुण अगर नहीं भी नजर आये तो मान लेते हैं कि मुझे मालुम नहीं परन्तु कुछ तो गुण इस आदमी में होंगे ही । इस प्रकार सुहृद भाव रखनें से सामनेवाले को भी हमारे लिये अच्छे भाव पैदा होंगे । हम किसी के साथ प्रेम करेंगे तो वो भी हमारे साथ प्रेम करेगा । जैसा भाव हमारा होगा वैसा व्यवहार भी होगा । भाव अच्छे हो तो व्यवहार भी अच्छा होगा । ऐसी एक स्टोरी है ।

सिपाही – ए अन्धे इधर से कोई गुजरा क्या ?

सेनापति – श्रीमान सुरदासजी यहां से कोई गुजरे क्या ?

राजा – हे मुनिवर, यहां से कोई गुजरा क्या ? वो सुरदास बोला, हे राजन ! यहां से पहेले एक सिपाही गुजरा था फिर सेनापति, फिर आप । देखिए उसी व्यक्ति को राजा मुनिवर कह रहा है । एक ही व्यक्ति को संबोधित करने के दो–तीन नजरीया है । डीपेन्ड, करता है हमारा भाव कैसा है ।

मन्दिर के बाहर कई भिखारी बैठे है सबके प्रति एक भाव नहीं होता किसी को देखके ऐसा लगता है की इसकी मदद करदें । मतलब कि सबके प्रति अच्छा भाव रखने से उसकी इज्जत तो बढेगी ही किन्तु हमारी इज्जत भी बढेगी । सुहृद भाव रखें, सबसे प्रेम भाव रखें ।

* * *

20. धर्मात्मा होने का असर

हम सब पवित्र आत्मा है कि इस सतसंग में आते है । मैं आप सबको नमन करता हूं । परन्तु कभी कभी हम सतसंगी होते हुए भी अपने पवित्र होने का अभिमान करते है, अहम् करते हैं कि मैं दानवीर हूं, मैं पवित्र हूं, मैं श्रावण मासकी कथा सुनता हूं, मैं पूरा महीना व्रत रखता हूं, मैंने कामवाली को खाने का दिया । गरीब को कपडे दिये, रोज २ घंटा पूजा पाठ करती हूं । कर्म करना अच्छा है परन्तु उस कर्म का सबके आगे गुणगान करना, अहम करना, उस सारे पुण्य को खा जाता है । हर लेता है ।

प.पू. दादा जे.पी.वासवाणी ने उनके टी.वी. प्रोग्राम में जो स्टोरी सुनाई, वो शेर करता हुं । एक बहन थी अच्छे घर की खाते पीते घर की । पूजा पाठ नितनियम सब करती । गाय को रोटी, कुत्ते को रोटी, चीटीं को आटा सब पुण्य वाला काम करती। जान

बूझकर कोई गलत काम नहीं करती परन्तु इस चीज का उसे अहसास था गर्व था। एक बार घर में कोकरोच आया तो लकड्डी से या जाडू से मार रही थी वह कोकरोच मर गया। फिर तो क्या था वह बहन बहुत अफसोस कर रही थी मेरे से ये क्या हो गया। अभी तो मैं नर्क में जाउंगी। मैं आज तक कोई पाप नहीं किया। सब पुण्य ही पुण्य किया है। कितनी देर तक वह यह सब दोहराती रही।

घर में माली था उसकी पत्नि थी बडी सीधी सादी पवित्र और सरल स्त्री। उसने बोला मालकिन क्यों परेशान हो रही हो। किन्तु मालकिन फिर वोही बोली। आखिरकार उस माली की औरत ने बोला आप परेशान न हो मैं हाथ में जल लेती हूं संकल्प करती हूं की यह कोकरोच मारने का पाप आपके बदले मुझे लग जाये। हम तो वैसे ही माली का काम करते है पेड पौधो को काटने में खुदाई/गुडाई करने में न जाने कितने जीव जन्तु मर जाते होंगे या अनेको परेशान होते होंगे उसके लिये हम भगवान से रोज शाम को क्षमा याचना मांगते है कि भगवान हमें माफ करो। क्या करें हमारा तो पेशा ही ऐसा है।

आप चिन्ता मत करो इस कोकरोच का और इसके बाद भी कभी भुल से दूसरे कोई जीव जन्तु आपके हाथ से मरे तो मुझे बुला लेना, मैं वो भी पाप अपने सिर ले लूंगी, फिर भगवान को प्रार्थना करुंगी मुझे पूरा विश्वास है कि भगवान मुझे माफ करेंगे। मरने के बाद दोनों स्त्रीयां उपर गई। मालकिन को नर्क और माली की औरत स्वर्ग मिला पूछो ऐसा क्यों ? इस प्रकार हमें अच्छे अच्छे काम करें पवित्र बने परन्तु जहां तक उसका ढींढोरा नहीं पींटे मारकेर्टींग नहीं करे। मारकेटींग करने से पूरा पुण्य क्षीण हो जायेगा।

* * *

21. प्यार

प्यार प्यार प्यार। सबसे प्यार करें। तुझ में राम मुझ में राम सबमें राम समाया। करले जगत से प्यार जगत में कोई नहीं है पराया। जब सब अपने है तो अपनों से ही हम बात करते हैं। महेता साहेब मुझे प्यार करते हैं। त्रिवेदी साहेब मुझे प्यार करते हैं। आप सब मुझे प्यार करते हो मतलब आप सब मुझे अपना समझते हो।

* * *

22. देना

प्रकृति हमें देती है सिर्फ देती है । फ्री में देना हम प्रकृति से सीखे । हवा फ्री में, नदी, कुआ, तालाब का पानी मुफ्त में । धरती फ्री में, आकाश, पाताल फ्री में पांचो तत्त्व का पुतला है इन्सान परन्तु प्रकृति पांच तत्त्व फ्री में देती है । सूर्य का प्रकाश फ्री में ।

खेत में एक दाना डालो तो सेकडो वृक्ष के पत्ते फ्री में । जंगल में पूरी प्रकृति फ्री में । हमें देना चाहीये । एक मां है जो देती है किसी से लेती नहीं । बच्चे को प्यार फ्री में, दूध फ्री में । मां अंत समय तक अपने बच्चो के लिये मरती रहती है । बेटी आती है तब मां मूडा हुआ पुराना २० का नोट निकालती है और कहती है मैं गरीब हूं ना, इस लिये तुं नहीं लेगी । पर बेटी मेंने यह तुम्हारे लिये बचा के रखा है । देने से इन्सान का मन बढता है । मान बढता है । बस हम देते रहें । किसी के घर जाये खाली हाथ न जाये कुछ न कुछ लेकर जाये देने से प्यार बढता है ।

* * *

23. संत कबीर दास दोहा–1

ऐसी वाणी बोलिए, मन का आप खोए ।
औरन को शीतल करें, आपहुं शीतल होए ।।

कड़वा बोले या मीठा बोलो खर्च क्या होता है । पैसा खर्च न तो कडवे बोलने में न मीठा बोलने में । कड़वा बोलने से सम्बन्ध बिगडते है । किसी की इज्जत उतारना फिर बोलना मैं सच बोल रहा हूं । सत्य तो कड़वा होगा । सामने वाले को आग में जला देना परन्तु स्वयं भी अन्दर से वह आदमी जले बगैर नहीं रह सकता, जल जाता है । फिर भी बोलेगा देखो, कैसा उसको जला दिया । दूसरों की गलतीयों पर ध्यान नहीं देता है और उसके गुणो में ध्यान देता है तो वो हंमेशा मीठा बोलेगा । मीठा बोलने से हंमेशा सामनेवाले को आनंद हो जायेगा और खुद को भी आनंद आएगा ।

* * *

24. संत कबीर दास दोहा–2

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय ।
जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय ।।

दुसरे में गुण ढुंढने से हम गुणग्राही बन जाते हैं और हमारे अन्दर वो ही तरंगे आती है । जब भी आप बोलो चन्द्रमा कैसा शीतल है मस्त चांदनी बिखेरता है तो अन्दर से हम शीतलता का अनुभव करते है और चांदनी का आनंद उठाते है । बोलने वाले तो यह भी बोलते है की चन्द्रमां में दाग है । वह आदमी न खुद आनंदीत रह सकता है और न दुसरो को आनंदीत कर सकता है ।

कितने महान व्यक्ति हो गये है महात्मा गांधी । उनको एक अंग्रेजने पूरा बडा लेटर गालियां भरकर लिखा । महात्मा गांधीने पूरा कागज फाड दिया और बापू बोले मैंने उसके पत्र को पढा ही नहीं अगर ऐसा समझा जवाब देंगे मतलब उसकी गालियां मैने स्वीकार की । इसलिये न पढा, न स्वीकार किया, न जवाब दिया । घर परिवार में मीठा बोलने से आपका काम सरल हो जाता है । रिश्ते बने रहते है प्यार बना रहता है झगडे नहीं होते ।

* * *

25. हमें बदलना पडेगा दुनिया नहीं बदलेगी

भगवान जितने भी इन्सान बनाता है उतने ही उनके चहेरे है और उतने ही उनके स्वभाव हैं । इस दुनियामें कोई आदमी बुरा नहीं है । हर एक में गुण दोष होते हैं । अच्छायां और बुराईयां हर इन्सान में होती है । सम्पूर्ण तो केवल एक ही कृष्ण भगवान है । बाकी हम इन्सान में कुछ न कुछ कमी होती है ।

कोई ऐसा समझे कि मैं ही सही हूं तो नहीं, वो गलत है । घर संसार में परिवार में अलग अलग स्वभाव के लोग होते हैं झगडा क्यो होता है । हम जैसा सोचते है हमें आशा होती है कि जैसा मैं चाहता हूं जैसा मेरा व्यवहार है, सामनेवाला भी वैसा ही करें ।वैसा कभी भी होता नहीं है ।

कभी आपने देखा है कि घर में कुछ खाने की चीज है ननंद बोली भाभी आप खालो मुजे इच्छा नहीं है । ननंद को इच्छा है किन्तु ऐसा सिर्फ बोलती है कि भाभी क्या बोलती है । भाभीने भी कुछ बोला नहीं चुपचाप खा गई । फिर वो बोलती है देखा इतना तो बोलती कि आधा आधा खाते है पूरा खा गयी । इस प्रकार मन मुटाव हो जाते है । हम अक्सर सामनेवाले में दोष देखते हैं । हर एक का स्वभाव अलग होता है । हम दूसरे को बदलने की कोशिश करते है वह कभी नहीं बदलेगा और हम दुखी होते है । इससे अच्छा है कि हम बदल जाय और सुखी रहें ।

26. अनासक्ति

इस सृष्टि में अनासक्ति होना बहुत ही कठीन है फिर भी गीता में भगवान कृष्ण अनासक्ति होने को बोलते है ।

योगस्थ: कुरु कर्माणि सङ्गंत्यक्त्वा धनञ्ज्य ।
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते ।।१२.४८।।

तू आसक्ति का त्याग करके सिद्धि–असिद्धि में सम होकर योगमें स्थित हुआ कर्मोको कर क्योंकि समत्व ही योग कहा जाता है । तात्पर्य यह है कि हानि–लाभ या सिद्धि मिलेगी या नहीं ऐसा न सोचकर बस लक्ष्य को देखकर कर्तव्य कर्म कर । इसी को योग कहते है । किन्तु आसक्ति इन्सान को जन्म से है –

बच्चा है खिलौनौ में, किशोर अवस्था में साइकल, मोटर साइकल में, जवानी में काम में फिर शादी करने में फिर धन कमाने में, फिर बच्चोमें, फिर मकान बनाने की आसक्ति, फिर बच्चोंकी शादी की आसक्ति । फिर पोते और नातीनो में आसक्ति फिर भी द्वितीय अध्याय में कृष्ण भगवान पूरे अध्याय में अनासक्ति होना लाभ–हानि का चक्कर न करना, स्थितप्रज्ञ होना और योग में रहने की शिक्षा देते है । हम कितने भी बडे हो जाये सत्संगी हो जाये, बडे–बडे साधु सन्तो को भी आसक्ति छुटी नहीं है । बडी उम्रभर में, घर में से आसक्ति निकल जाती है तो अपने बच्चो के बच्चो में पडती है ।

उनमें से आसक्ति निकले तो अपने मान–सन्मान में आसक्ति । मैं बडा कहलाउं परिवार में बडा । बच्चे को बर्थडे पे गीफट दूं कपडे लेकर दूं, खर्ची दूं ये कतर्व्य नहीं आसक्ति है । समाज में बडा कहलाउं मुखी बनुं, महिला मंडल की हेड बनुं यह भी आसक्ति है । मेरा नाम हो मेरे वोटसअेप ग्रुप में सब वाह–वाह करे, यह बडी आसक्ति है । खाने में आसक्ति स्वाद की आसक्ति ।

स्वाद की गुलामी बडी आसक्ति है । बडे बडे राजनेता में भी आसक्ति भले पैसे में नहीं परन्तु नाम कमाने में भी आसक्ति । इस लिये श्री कृष्ण भगवान बोलते है कि आसक्ति पर न जाओ । किसी चीज के लिए झगडा मत करो । जय–पराजय, हानि–लाभ, कीर्ति–अपकीर्ति सबमें समभाव रखना ही योग है और वही अनासक्ति है ।

* * *

27. अनासक्ति–भक्ति–सेवा

भक्ति प्रभु की अनन्य भक्ति, भक्ति मतलब सर्मपण । सिर्फ फल चढाने, अगरबती करे ये भक्ति ठीक है परन्तु प्रभु में स्व समर्पण । भक्ति इश्वर की होती है गुरु की होती है या किसी दोस्त रिश्तेदार की भी हो सकती है । हमें जिसमें पूर्ण विश्वास होता है हम उसके भक्त बन जाते है । भक्ति मीरा की पति के भाव में कृष्ण की भक्ति में सासरिया, पति छोड दिया परिवार छोड दिया, खुद की टीका सहन की । परिवार की भी ग्लानी हुई । कितने कष्ट झेलने पडे । समर्पण मतलब कम्पलिट सरेन्डर । पति रुप में भक्ति में दीवानी हो गई । जहर की प्याली भी पी गई । कृष्ण में समा गई ।

ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन वो तो गली गली गाने लगी । चैतन्य महाप्रभु नाचते नाचते पागल हो जाते थे । समुद्र में गिर गये लोग बचाने आये । अनन्य भक्ति असीम प्रेम समर्पण ध्रुव भक्त, प्रहलाद भक्त प्रभु के अटल विश्वास भगवान नरसींह अवतार बनके आये । नरसींह महेता की भक्ति मारी हुंडी स्वीकारो शामला गिरिधर गोपाल । हमें भी प्रभु की भक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ करनी चाहिये । सम्पूर्ण समर्पण ।

सेवा इन्सान मात्र की, पशु–पक्षी की, कीडे–मकोडे की, कुत्ते को रोटी, गाय को घास, चीटी को आंटा अच्छी सेवा है । आप सब करते हैं । पानी पीलाने की सेवा, प्याउ की सेवा, गली में, रोड पर कुल केज सेन्टर टेन्ट बांधकर या टेबल पर रखकर । कुए, टयुबेल की सेवा, पानी की पाइपलाइन की सेवा तन, मन, धन से । अन्नक्षेत्र की सेवा तन से मन से धन से । लंगर में प्रसाद में महाप्रसाद में खाना बांटने की सेवा, बरतन उठाने की, पानी पिलाने की, बरतन धोने की, टेबल कुर्सी उठाना, झाडू मारने की सेवा लोग करते है । बगीचे की सेवा, पानी पीलाना, गुडाई करना ।

मंदिर की सफाई, बेन्चों की सफाई मुख्य है सेवा भाव । भाव होना जरुरी है । एक ग्लास पानी पिलाने का भाव है । होस्पीटल में जाके मरीजो को पूछने का बात चीत करने का । होस्पीटल में दातुन की सेवा, दवाईयों की सेवा, नर्स, लेबर लेने देने की सेवा, टिफिन देने की सेवा । जरुरत है भाव की । भाव से किसी को एक ग्लास पानी पिलाया तो काफी है । भाव से किसी बुढे के पास जाकर आधा धन्टा बैठो तो भी काफी है । लाखो रुपीयों का दान करो परन्तु भाव से एक रुपये का भी दान बडा है । एक बुढी की तपस्या का १० रुपिया मन्दिर के लिये बडी बात है ।

* * *

28. शिव प्रागट्य

शिव प्रागट्य शिव का प्रकट होना। शिव तो इस धरती पर हजारो लाखो करोडो सालो से है जब से प्रकृति है तब से शिव भी है। क्या हमारे भीतर शिव प्रकट हुए। हम कितने सालों से शिव पुराण की कथा सुन रहे है। क्या शिव हमारे भीतर प्रकट हुए। क्या हमारे भीतर में कुछ फर्क आया ? क्या हम शिवमय हो गये ? मेरे को लगता है कि आप सब शिव भक्त हैं। इतने दिनो से रोज कथा सुन रहे है तो पक्का ही हमारे अन्दर शिव आ गये है हम शिवमय हो गये है। आप नोट करना। हमारे वाणी वर्तन में भी बहुत फर्क होगा।

शिव मंगलकारी है सहज कल्याण करते है। सब का भला करते है। हम सब भी शिव भगवान के अंश है हमारे अन्दर भी शिव प्रकट हुआ है और हम भी सबका भला करेंगे। दूसरों के काम आएगें सेवा करेंगे सबको राजी रखेंगे। सबको प्रसन्न करेंगे। पूरा जहां शिवमय दिखेगा। सब में शिव बसा हुआ है। ''आपो दृष्टि मां तेज अनोखुं सही सृष्टिमां शिव रुप देखुं।'' फिर क्या चाहिये आप सब धन्य हो गये। आप भी शिव हो गये और पूरी सृष्टि में हरेक को आप शिव की तरह देखते है। देखो हमारी औरा में फर्क आया है। हरेक इन्सान की औरा होती है। देखो भगवान शिव के पीछे, कृष्ण या माताजी किसी भी भगवान के पीछे एक रोशनी का चक्र होता है। जितना इन्सान ऊंचा पवित्र उतना ''औरा (तेज–रुप)'' ज्यादा। देखो महापुरुषो को देखो। पुज्य चन्द्रकान्त शुक्ल की ओर। यों ही आर्शीवाद लेने का मन होता है। पांव पडने का मन होता है। सतसंग में आने से कथा सुनने से हम शिवमय हो जाते हैं। हमारे भीतर शिव प्रकट होते है हमारी औरा से बढोतरी होती है। अपने को, हमे देखकर लोग प्रसन्न होते है। शिव कल्याणकारी है। पवित्र है। भगवान को देखने से ही आनंद आता है वैसे ही हमें देखने से, सब को सुख मिलता है वो हम चेक करें। प्रसन्न चित्त रहे। हम सबको देखके खुश रहे। सब हमको देखकर खुश रहे। पूरी सृष्टि शिवमय हो जाये हमारे कथा सार्थक होती है।

* * *

29.द्वैत भाव – अद्वैत भाव

शिवोहम् शिवोहम्। अद्वैत भाव जीव और शिव अलग नहीं है। एक है। जो तुझमे है वो मुझमे हे। मेरे में आत्मा है शिव है। आपमें आत्मा है शिव है। दो नहीं एक है।

न मे मृत्युशंका न मे जातिभेद:, पिता नैव मे नैव माता न जन्म ।

न बंधू: न मित्रं गुरु: नैव शिष्यं, चिदानंद रुप: शिवोहम शिवोहम ।।

एक ही रुप निराकार, निगुर्ण, अद्वैत भाव । दूसरा है द्वैत भाव । जीव और शिव दो ही चीज है, तीसरा कुछ है ही नहीं । सृष्टि का रचियता परमात्मारुप कोई अलौकिक शक्ति है, जिसके पास में पूरी सृष्टि का नियंत्रण है, वह शिव है । हम जीवात्मा अनेक अंश है, उसका अंश ही जीव है । इस सृष्टि में दो ही चीज है । जीव और शिव । शिव नियंत्रता है । पृथ्वी में है, पूरा सिस्टम है, पूरी प्रकृति को वश करके चलाता है । हम आत्मा है वो परमात्मा है । सब परमात्मा से पैदा हुये है और वापिस उसमें ही समा जाते है । आत्मा और परमात्मा जीव और शिव ।

द्वैत भाव : मीरा ने प्रेम, भक्ति की । प्रेम किया, प्रभु को, पति रुप में स्वीकार किया । एक मीरा एक कृष्ण दो, द्वैतभाव, राधा और कृष्ण द्वैतभाव । भक्ति हम ईश्वर की करते है । दशरथने राम से अनुराग किया एक दशरथ एक राम द्वैत भाव । पार्वतीने शिव की पूजा की । पति भाव में किया । द्वैत भाव, परन्तु शिव और शक्ति एक रुप, एक भाव से शिव है वो भक्ति है जो शक्ति है वो शिव है । अर्ध नारीश्वर एक में से ही दो रुप निकले हैं । फिर से एक ही शिव अद्वेत भाव । यह अद्वैत भाव बडा कठिन है ।

भगवान तू भी शिव है में भी शिव हूं । जो तू है वो में हूं । यह बहुत पहुंची हुई स्थिति है । इस पर हम और आगे साधारण व्यक्ति के लिए पहुंच पाना मुश्किल है । उस मुकाम पर आदि गुरु शंकराचार्य जैसे ही पहूंच सकते है । हम मीरा की तरह, राधा की तरह, नरसिंह भगवान की तरह, शबरी की तरह प्रभु को पा सकते है । उसका गुणगान गा सकते है । उसकी पूजा पाठ कर सकते है । चैतन्य महाप्रभु की तरह पागल हो कर नाच सकते है । प्रभु शिव है हम जीव है । वे परमात्मा है हम भक्त है द्वैत भाव । भक्ति करके उस तक पहुंच जाये यह ही प्रार्थना ।

* * *

30. मुझे ब्रह्म ज्ञान है

राजा दशरथ ने ऐलान किया कि जिसको भी ब्रह्म ज्ञान है वो दस हजार गाय सोने से मढेली लेके जाय । याज्ञवल्कजीने अपने शिष्यो को बोला गाय लेके आओ । किन्तु

ऐसे नहीं बोला कि मुझे ब्रह्म ज्ञान है । ये बात नोट करने वाली है । ब्रह्म ज्ञान है परन्तु बोलना नहीं है, नहीं तो अहंकार हो जायेगा और अहंकार का होना ब्रह्मज्ञान नहीं है । किन्तु इस बात को लेकर हम अपने आप को टटोले । हमें थोडा भी ज्ञान होता है तो हम एकदम बोलते है मुझे मालुम है मुझे मालुम है अरे यार जाने देते है किसी ने जोक सुनाना शुरु किया तो एकदम सुना हुआ होगा, एकदम से बोलेगा मैने सुना हुआ है सब्र नहीं है । मेरा सुना हुआ है तो जरुरी नहीं की दूसरों का भी सुना हुआ है । शान्ति से सुन भी सकते हैं किन्तु नहीं हमें यह बताकर खुशी होती है कि यह जोक या स्टोरी पहिले से मुझे मालुम है यह अहंकार है । अधुरा ज्ञान है परिपक्व वो है जो ज्ञान को पचा सके सिर्फ अपनी वाह वाह न करें । मैं मैं तो करा करता है मगर सच्चे ज्ञानी बने । ज्ञान को पचाना सीखे । कोई कुछ बता रहे है तो उसकी बात आधे में न काटे ।

* * *

31. मेरे जीवन का लक्ष्य

